**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ......................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

| J | 0 | 6 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|

**Test Booklet No.**

Time : **1** $^{1}/_{4}$ hours]

# PAPER-II
# HISTORY

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

# HISTORY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt all of them.

**1.** Which of the following is associated with the lower Palaeolithic period ?
(A) Homo erectus
(B) Neanderthal
(C) Homo sapience
(D) Homo sapience sapience

**2.** Which among the following represents the Mesolithic period ?
(A) Olduwan tools
(B) Hand axe
(C) Triangle tools
(D) Polished tools

**3.** Which among the following denotes the Neolithic period ?
(A) Kunal (B) Lothal
(C) Daimabad (D) Chirand

**4.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A)** : Harappa civilization was developed with the application of copper tools.

**Reason (R)** : This enabled people to make better use of the available natural resources.

Read the above statements and select the correct answer from the codes below :

**Codes :**
(A) (A) is incorrect, but (R) is true.
(B) Both (A) and (R) are incorrect.
(C) Both (A) and (R) are true.
(D) (A) is correct, but (R) is false.

**5.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A)** : During the Rig Vedic period the society was pastoral.

**Reason (R)** : The mode of subsistence was primarily based on pastoralism.

Read the above statements and select the correct answer from the codes below :

**Codes :**
(A) (A) is correct, but (R) is false.
(B) (A) is untrue, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) Both (A) and (R) are correct.

**6.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A)** : The rise of religious movements in the 6th century BC was an outcome of prevalent social and economic unrest.

**Reason (R)** : The improved economic condition of the deprived sections of the society embolden them to seek their rightful place.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) (A) is correct, but (R) is false.
(B) (A) is incorrect, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are correct.
(D) Both (A) and (R) are incorrect.

## इतिहास

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित में पूर्व पुरा पाषाण काल से कौन सम्बन्धित है ?

(A) खड़ा मानव
(B) निअण्डरथल मानव
(C) बुद्धिमान मानव
(D) अति बुद्धिमान मानव

**2.** निम्नलिखित में कौन मध्य पाषाण काल का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) औल्डूवान औजार
(B) हथ कुल्हाड़ा
(C) त्रिभुज औजार
(D) पॉलिशदार औजार

**3.** निम्नलिखित में कौन नवपाषाण काल को दर्शाता है ?

(A) कुनाल (B) लोथल
(C) दायमाबाद (D) चिरांद

**4.** नीचे दो वाक्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) कहा गया है, दूसरे को कारण (R) :

**कथन (A)** : हड़प्पा सभ्यता का विकास ताम्र औजारों के प्रयोग के कारण हुआ ।

**कारण (R)** : इसने लोगों को उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रयोग में मदद की ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सत्य है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।
(D) (A) सही है, किन्तु (R) असत्य है ।

**5.** नीचे दो वाक्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A)** : ऋग्वैदिक काल में समाज पशुपालक था ।

**कारण (R)** : आजीविका की पद्धति का प्रमुख आधार पशुपालन था ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) सही है, किन्तु (R) असत्य है ।
(B) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

**6.** नीचे दो वाक्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A)** : छठी शताब्दी ई.पू. में धार्मिक आन्दोलनों का उत्थान सामाजिक और आर्थिक व्याप्त असन्तोष का परिणाम था ।

**कारण (R)** : समाज के तिरस्कृत तबकों की सुधरी हुई आर्थिक स्थिति ने उनको अपना उचित सामाजिक स्थान पाने का साहस दिया ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) सही है, किन्तु (R) असत्य है ।
(B) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

**7.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Kushana period witnessed large scale cultural integration.

**Reason (R) :** Kushana Kings advocated themselves it by example.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(B) (A) is false, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) Both (A) and (R) are true.

**8.** Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Megalithic period
(ii) Chalcolithic period
(iii) Northern Black Polished Ware
(iv) Black and Red Ware

**Codes :**

(A) (iii), (iv), (i), (ii)
(B) (ii), (iv), (i), (iii)
(C) (iv), (ii), (iii), (i)
(D) (i), (iii), (iv), (ii)

**9.** Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Janapada
(ii) Mahajanapada
(iii) Empire
(iv) Jana

**Codes :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (iii), (iv), (ii), (i)
(C) (iv), (i), (ii), (iii)
(D) (iv), (ii), (i), (iii)

**10.** Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Malvikagnimitra
(ii) Harshacharita
(iii) Ashtadhyayi
(iv) Rajatarangini

**Codes :**

(A) (ii), (iii), (iv), (i)
(B) (iii), (ii), (i), (iv)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (iii), (i), (ii), (iv)

**11.** Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Pulkeshin – II
(ii) Pushyamitra Shunga
(iii) Shankaracharya
(iv) Chandabaradai

**Codes :**

(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**12.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Levirate | (i) | Kamrup |
| (b) | Punch-marked coins | (ii) | Rig Veda |
| (c) | Varmanas | (iii) | Bihar |
| (d) | Nalanda | (iv) | Early Historical Period |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

7. नीचे दो वाक्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A)** : कुषाण काल बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक सम्मिश्रण का साक्षी है ।

**कारण (R)** : कुषाण शासकों ने स्वयं अपनाकर इसकी वकालत की ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) सही है, किन्तु (R) सही नहीं है ।

(B) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

8. निम्नलिखित को क्रमानुसार लिखिए और निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(i) महाश्मीय काल

(ii) ताम्रपाषाण काल

(iii) उत्तरी काली पॉलिशदार मृदभाण्ड

(iv) काले और लाल रंग के मृदभाण्ड

**कूट :**

(A) (iii), (iv), (i), (ii)

(B) (ii), (iv), (i), (iii)

(C) (iv), (ii), (iii), (i)

(D) (i), (iii), (iv), (ii)

9. निम्नलिखित को क्रमानुसार लिखिए और निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(i) जनपद (ii) महा जनपद

(iii) साम्राज्य (iv) जन

**कूट :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)

(B) (iii), (iv), (ii), (i)

(C) (iv), (i), (ii), (iii)

(D) (iv), (ii), (i), (iii)

10. निम्नलिखित को क्रमानुसार लिखिए और निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(i) मालविकाग्निमित्र

(ii) हर्षचरित

(iii) अष्टध्यायी

(iv) राजतरंगिनी

**कूट :**

(A) (ii), (iii), (iv), (i)

(B) (iii), (ii), (i), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (iii), (i), (ii), (iv)

11. निम्नलिखित को क्रमानुसार लिखिए और निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(i) पुल्केशिन द्वितीय

(ii) पुष्यमित्र शुंग

(iii) शंकराचार्य

(iv) चन्दबरदाई

**कूट :**

(A) (ii), (i), (iii), (iv)

(B) (i), (iii), (ii), (iv)

(C) (iii), (iv), (ii), (i)

(D) (iv), (i), (iii), (ii)

12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | नियोग | (i) | कामरूप |
| (b) | आहत सिक्के | (ii) | ऋग्वेद |
| (c) | वर्मन | (iii) | बिहार |
| (d) | नालन्दा | (iv) | प्रारम्भिक इतिहास काल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**13.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Second Urbanization | (i) Satavahana Dynasty |
| (b) Kharavela | (ii) Bilhana |
| (c) Gautamiputra | (iii) Orissa |
| (d) Vikramadeva Charita | (iv) Iron |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**14.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Nagar style of architecture | (i) Buddhism |
| (b) Shravan-belagola | (ii) Pallava dynasty |
| (c) Tantrayan | (iii) North India |
| (d) Mahend-eraverman Shailey | (iv) Karnataka |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**15.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Kalibanga | (i) R.C. Gaur |
| (b) Mitathal | (ii) M.D.N. Sahi |
| (c) Atranjikhera | (iii) Suraj Bhan |
| (d) Jakhera | (iv) B.B. Lal |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**16.** In which of the following sources it is stated that Prithviraj III entertained the ambition of conquering the whole world ?

(A) Taj-ul-Maasir
(B) Prithviraj Prabandha
(C) Tabqat-i-Nasiri
(D) Prithviraj Raso

**17.** Who among the following Delhi Sultans enlarged the Quwwat-ul-Islam mosque ?

(i) Iltut Mish
(ii) Balban
(iii) Alaud-Din Khalji
(iv) Firozshah Tughlaq

Select your answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iv) (B) (i) and (iii)
(C) (ii) and (iv) (D) (i), (ii), (iii)

**18.** Who among the following Sultans of Delhi advocated the policy that "follow the middle course in realizing the Kharaj" ?

(A) Balban
(B) Jalalud-Din Khalji
(C) Ghyasuddin Tughlaq
(D) Firoj Tughlaq

**19.** Which of the following statements are not true about Sultan Ghyasud-Din Tughlaq ?

(i) He befriended Shaikh Nizamuddin Aulia.
(ii) He gave certain concessions to Khots and Muqaddams.
(iii) He sent his son Ulugh Khan to recover arrears of tribute from Pratapa Rudra.
(iv) He levied a tax termed haqq-i-shurb.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (i) and (iii)
(C) (ii) and (iii)
(D) (ii) and (iv)

**13.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | द्वितीय नगरीकरण | (i) | सातवाहन वंश |
| (b) | खारवेल | (ii) | बिल्हण |
| (c) | गौतमीपुत्र | (iii) | उड़ीसा |
| (d) | विक्रमादेवचरित | (iv) | लोहा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**14.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | नागर निर्माण शैली | (i) | बौद्ध धर्म |
| (b) | श्रवणबेलगोला | (ii) | पल्लव वंश |
| (c) | तन्त्रयान | (iii) | उत्तरी भारत |
| (d) | महेन्द्रवर्मन शैली | (iv) | कर्नाटक |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**15.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | कालीबंगा | (i) | आर.सी. गौड |
| (b) | मीताथल | (ii) | एम.डी.एन. साही |
| (c) | अतरंजिखेड़ा | (iii) | सूरजभान |
| (d) | जखेड़ा | (iv) | बी.बी. लाल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**16.** निम्नलिखित में से किस स्रोत में यह कहा गया है कि पृथ्वीराज-III ने पूर्ण विश्व विजय की महत्त्वाकांक्षा को अपना लिया था ?

(A) ताज-उल-मासिर
(B) पृथ्वीराज प्रबंध
(C) तबकात-ऐ-नासिरी
(D) पृथ्वीराज रासो

**17.** निम्नलिखित में से किन दिल्ली सुल्तानों ने कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का विस्तार किया ?

(i) इलतुतमिश
(ii) बलबन
(iii) अलाउद्दीन खलजी
(iv) फिरोजशाह तुगलक

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iv) (B) (i) और (iii)
(C) (ii) और (iv) (D) (i), (ii), (iii)

**18.** निम्नलिखित में से दिल्ली के किस सुल्तान ने इस नीति का समर्थन किया कि "खराज को वसूलने में मध्यमार्ग को अपनायें" ?

(A) बलबन
(B) जलालुद्दीन खलजी
(C) गियासुद्दीन तुगलक
(D) फिरोज तुगलक

**19.** सुल्तान गियासुद्दीन तुगलक के बारे में दिए गए निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन सा सही नहीं है ?

(i) उसने शेख निजामुद्दीन औलिया के साथ मित्रता की ।
(ii) उसने खोतों और मुकाद्दमों को कुछ रियायतें दी थीं ।
(iii) उसने अपने पुत्र उलुग खाँ को प्रताप रूद्र से बकाया पेशकश की वसूली के लिए भेजा ।
(iv) उसने हक-ऐ-शर्ब नामक कर को लगाया ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट में से कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (i) और (iii)
(C) (ii) और (iii)
(D) (ii) और (iv)

**20.** Who put forth the hypothesis of 'Urban revolution' in northern India during the thirteenth and fourteenth centuries ?

(A) K.M. Ashraf
(B) Moreland
(C) Mohammad Habib
(D) K.S. Lal

**21.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A)** : The arrival of north Indian Sufis in the Deccan during the fourteenth and fifteenth centuries brought deep changes in the region's political and religious fabric.

**Reason (R)** : They came to the Deccan to justify Khalji and early Tughlaq invasions of the Deccan plateau.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**22.** Which of the following is the correct chronological order of the Vijayanagara ruling dynasties ?

(A) Saluva, Tuluva, Sangama, Aravidu
(B) Sangama, Saluva, Tuluva, Aravidu
(C) Sangama, Tuluva, Saluva, Aravidu
(D) Sangama, Aravidu, Saluva, Tuluva

**23.** The Portuguese captured Goa in the year

(A) 1496 (B) 1510
(C) 1524 (D) 1556

**24.** Arrange the following events into correct chronological order :

(i) Propagation of Vaishnavite Bhakti by Ramananda
(ii) Compilation of Adigrantha
(iii) Close of the Ibadatkhana
(iv) Foundation of the Chishti order in the Deccan

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (ii), (iv), (i), (iii)
(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**25.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A)** : Akbar proclaimed Dahsala in the twenty-fourth year of his reign.

**Reason (R)** : He decided to abolish all other existing methods of land revenue assessment in the Mughal empire.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**20.** तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी में उत्तरी भारत में 'शहरी क्रान्ति' की अवधारणा को किसने प्रस्तुत किया ?

(A) के.एम. अशरफ

(B) मोरलैण्ड

(C) मुहम्मद हबीब

(D) के.एस. लाल

**21.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं । एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R) ।

**कथन (A)** : उत्तर भारतीय सुफियों के दक्कन में चौदहवीं और पन्द्रहवीं शताब्दी में आगमन से उस क्षेत्र के राजनीतिक और धार्मिक ढ़ाँचे में गहन परिवर्तन हुए ।

**कारण (R)** : वे लोग दक्कन पठार में खलजी और प्रारम्भिक तुगलक आक्रमण को उचित ठहराने के लिए दक्कन आये ।

उपरोक्त वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा क्रमबद्ध कालक्रम विजयनगर राजवंशों के लिए सही है ?

(A) सल्व, तुलुव, संगम, अरविडू

(B) संगम, सल्व, तुलुव, अरविडू

(C) संगम, तुलुव, सल्व, अरविडू

(D) संगम, अरविडू, सल्व, तुलुव

**23.** पुर्तगालियों ने गोवा को किस वर्ष में हस्तगत किया ?

(A) 1496 (B) 1510

(C) 1524 (D) 1556

**24.** निम्नलिखित घटनाओं को सही कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) रामानन्द के द्वारा वैष्णव भक्ति का प्रचार

(ii) आदिग्रन्थ का संकलन

(iii) इबादतखाना का बन्द होना

(iv) चिश्ती सिलसिले की दक्कन में स्थापना

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (iv), (iii), (ii)

(B) (i), (iii), (ii), (iv)

(C) (ii), (iv), (i), (iii)

(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**25.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से प्रथम को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : अकबर ने अपने शासन के चौबीसवें वर्ष में दहसाला की घोषणा की ।

**तर्क (R)** : मुगल साम्राज्य में प्रचलित अन्य समस्त भूराजस्व निर्धारण पद्धतियों को अकबर ने समाप्त कर दिया ।

इन दोनों कथनों के सन्दर्भ में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**26.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I (Event) | List – II (Year) |
|---|---|---|
| (a) | The Mughal conquest of Malwa | (i) 1584 |
| (b) | Introduction of the Ilahi Era | (ii) 1592 |
| (c) | Annexation of Kashmir in Mughal empire | (iii) 1585 |
| (d) | Conquest of Orissa | (iv) 1561 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**27.** Which of the following illustrated manuscripts were prepared during Akbar's time ?

(i) The Diwan-i-Amir Hasan Dihlavi
(ii) The Raj Kanwar
(iii) The Tutinama
(iv) The Yoga Vashista

Select your answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iv)
(B) (ii) and (iv)
(C) (i), (iii) and (iv)
(D) (iii) and (iv)

**28.** Who among the following foreign travellers described the manufacture of indigo in India ?

(A) Ibn Battuta
(B) Nicolo De Conti
(C) William Finch
(D) Peter Mundi

**29.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | List – II |
|---|---|---|
| (a) | Ahmad Yadgar | (i) Maasir-i-Jahangiri |
| (b) | Sujan Rai | (ii) Maasir-ul-Umara |
| (c) | Khwaja Kamghar Ghairat Khan | (iii) Tarikh-i-Salatin-i-Afghaniah |
| (d) | Shah Nawaz Khan | (iv) Khulast-ut-Twarikh |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**30.** Shahu was set free from the Mughal captivity by

(A) Aurangzeb
(B) Prince Azam
(C) Prince Kam Bakhsh
(D) Jahandar Shah

**31.** By which act the British Parliament had abolished the monopoly of East India Company's trade in India ?

(A) Regulating Act, 1773
(B) Charter Act, 1813
(C) Charter Act, 1833
(D) Government of India Act, 1858

**32.** Arrange the following British Legislations concerning women in chronological order :

(i) Hindu Widow Remarriage Act
(ii) The Native Marriage Act (Civil Marriage Act)
(iii) Abolition of Sati in Bengal Province
(iv) The Age of Consent Act

**Codes :**

(A) (iii), (i), (ii), (iv)
(B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (ii), (iii), (iv), (i)

**26.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (घटना)** | | **सूची-II (वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| (a) | मुगलों की मालवा विजय | (i) | 1584 |
| (b) | इलाही युग का आरम्भ | (ii) | 1592 |
| (c) | काश्मीर का मुगल साम्राज्य में विलय | (iii) | 1585 |
| (d) | उड़ीसा विजय | (iv) | 1561 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**27.** निम्नलिखित में से किन सचित्र पाण्डुलिपियों को अकबर के काल में तैयार किया गया था ?

(i) दीवान-ऐ-हसन दिहलवी

(ii) राज कंवर

(iii) तुतीनामा

(iv) योग वशिष्ठ

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गये कूट से कीजिए :

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iv)

(B) (ii) और (iv)

(C) (i), (iii) और (iv)

(D) (iii) और (iv)

**28.** निम्नलिखित विदेशी यात्रियों में से किसने भारत में नील विनिर्माण का वर्णन किया ?

(A) इब्न बतुता

(B) निकोलो डी कोन्टी

(C) विलियम फिन्च

(D) पीटर मुन्डी

**29.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अहमद यादगर | (i) | मासिर-ऐ-जहाँगीरी |
| (b) | सुजान राय | (ii) | मासिर-उल-उमरा |
| (c) | ख्वाजा कामगार गैरत खाँ | (iii) | तारीख-ऐ-सलातीन-ऐ-अफगानीया |
| (d) | शाह नवाज खाँ | (iv) | खुलासत-उत्-तवारीख |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**30.** शाहु को मुगल कैद से किसने मुक्त किया ?

(A) औरंगजेब

(B) शाहजादा आजम

(C) शाहजादा कामबख्श

(D) जहाँदार शाह

**31.** किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी का भारत में व्यापारिक एकाधिकार समाप्त कर दिया था ?

(A) रेग्यूलेटिन्ग ऐक्ट, 1773

(B) चार्टर ऐक्ट, 1813

(C) चार्टर ऐक्ट, 1833

(D) गवर्नमेण्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1858

**32.** स्त्रियों से सम्बंधित ब्रिटिश कानूनों के पारित होने को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) हिन्दु विधवा पुनर्विवाह अधिनियम

(ii) दी नेटिव मैरिज ऐक्ट

(iii) बंगाल में सती प्रथा को समाप्त करने का कानून

(iv) दी ऐज ऑफ कन्सेन्ट ऐक्ट

**कूट :**

(A) (iii), (i), (ii), (iv)

(B) (i), (ii), (iii), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (ii), (iii), (iv), (i)

**33.** Arrange in chronological order the Famine Commissions formed by the Government of British India :

(i) Macdowell Commission
(ii) Lyall Commission
(iii) Campbell Commission
(iv) Strachey Commission

**Codes :**

(A) (iv), (iii), (ii), (i)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**34.** Maulana Shibli Nomani belonged to the

(A) Aligarh School
(B) Deoband Madarsa
(C) Firangi Mahal
(D) Nadwat-ul-ulema

**35.** Gandhiji's intervention in the Ahmedabad Mill Strike of 1917 led to the enhancement of wages of the workers by

(A) 25 % (B) 30 %
(C) 35 % (D) 40 %

**36.** The chief grievance of the peasants in Champaran Satyagraha (1917) was against the

(A) awabs or illegal cesses
(B) oppression of the landlords
(C) land revenue demand
(D) tinkathia system

**37.** In which Session the Indian National Congress adopted the resolution on Fundamental Rights ?

(A) Madras (1927)
(B) Lahore (1929)
(C) Karachi (1931)
(D) Faizpur (1936)

**38.** Who argued that de-industrialization did not take place in India under the colonial rule ?

(A) Amiyo Baghchi
(B) Bipan Chandra
(C) Morris D Morris
(D) Toru Matsui

**39.** Who founded the Hindu College of Calcutta in 1817 ?

(A) David Hare
(B) William Jones
(C) H.T. Princep
(D) Henry Vivian Derozio

**40.** Match List-I with List-II and select the correct answer.

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Maulana Abul Kalam Azad | (i) | The Indian Struggle |
| (b) | Dadabhai Naoroji | (ii) | Asbab-i-Baghawat-i-Hind |
| (c) | Sir Syed Ahmad Khan | (iii) | Poverty and Un-British Rule in India |
| (d) | Subhash Chandra Bose | (iv) | India Wins Freedom |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**33.** भारत की ब्रिटिश सरकार द्वारा गठित अकाल आयोगों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) मैकडोवेल आयोग

(ii) लायल आयोग

(iii) कैम्पबेल आयोग

(iv) स्ट्रेची आयोग

**कूट :**

(A) (iv), (iii), (ii), (i)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**34.** मौलाना शिबली नोमानी का सम्बन्ध रहा

(A) अलीगढ़ स्कूल (B) देवबन्द मदरसा

(C) फिरंगी महल (D) नदवतुल उलेमा

**35.** सन 1917 में गाँधीजी की अहमदाबाद मिल हड़ताल में हस्तक्षेप के कारण मजदूरों की आय में वृद्धि हुई

(A) 25 % (B) 30 %

(C) 35 % (D) 40 %

**36.** चम्पारन सत्याग्रह (1917) में कृषकों की प्रमुख शिकायत किसके विरुद्ध थी ?

(A) अवाबों या गैरकानूनी करों के विरुद्ध

(B) जमीनदारों की दमन नीति

(C) भू-राजस्व की माँग

(D) तिनकठिया व्यवस्था

**37.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने अपने किस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों का प्रस्ताव पारित किया ?

(A) मद्रास (1927)

(B) लाहौर (1929)

(C) कराची (1931)

(D) फ़ैज़पुर (1936)

**38.** किसने तर्क प्रस्तुत किया कि औपनिवेशिक भारत के शासन काल में अन-औद्योगीकरण नहीं हुआ था ?

(A) अमियों बाग़ची

(B) बिपन चन्द्रा

(C) मॉरिस डी मॉरिस

(D) तोरू मत्सुई

**39.** 1817 में हिन्दू कॉलेज की कलकत्ता में किसने स्थापना किया था ?

(A) डेविड हेयर

(B) विलियम जोन्स

(C) एच.टी. प्रिन्सेप

(D) हेनरी विवियन डेरोज़ियो

**40.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद | (i) | इण्डियन स्ट्रगल |
| (b) | दादाभाई नौरोजी | (ii) | असबाब-ए-बग़ावते हिन्द |
| (c) | सर सैयद अहमद ख़ान | (iii) | पॉवर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया |
| (d) | सुभाषचन्द्र बोस | (iv) | इण्डिया विन्स फ्रीडम |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

41. Match List-I with List-II and select the correct answer.

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Chinnava | (i) | Rampa Uprising 1922 |
| (b) | Haji Shariat Ullah | (ii) | Gadkari Revolt 1944 |
| (c) | Alluri Sitaram Raju | (iii) | Faraizi Movement 1838 |
| (d) | Krishna Daji Pandit | (iv) | Kittur Uprising 1924 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

42. Paramountcy is the position of permanent power enjoyed by the British Government in relation to the
(A) Zamindars
(B) Princely states
(C) Peasants
(D) Christian Missionaries

43. The Congress Ministry in Madras during 1937-39 was headed by
(A) T. Prakasham
(B) Subramanium Bharti
(C) C. Rajgopalachari
(D) K. Kamraj

44. Who was the Chairman of the Drafting Committee of the Indian Constitution ?
(A) Dr. Rajendra Prasad
(B) Dr. B.R. Ambedkar
(C) B. N. Rau
(D) Jawaharlal Nehru

45. Arrange the following events in their chronological order :
(i) Cripps Mission
(ii) Quit India Movement
(iii) Individual Satyagraha
(iv) August Offer
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (iv), (iii), (i), (ii)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (ii), (i), (iv), (iii)

46. Who was known as the father of 'Humanism' ?
(A) Dante (B) Erasmus
(C) Machiavelli (D) Petrarch

47. The fee paid to the Lord for the use of the mill, brewery and bakery was known as
(A) Banalité (B) Corveé
(C) Gabélle (D) Taille

48. The theory of 'General Will' was put forward by
(A) Diderot (B) Montesquieu
(C) Rousseau (D) Voltaire

49. Bullionism and the favourable balance of trade were the basic features of
(A) Colonialism
(B) Commercialism
(C) Free Trade
(D) Mercantilism

50. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Erasmus | (i) | Divine Comedy |
| (b) | Machiavelli | (ii) | Utopia |
| (c) | Thomas More | (iii) | The Prince |
| (d) | Dante | (iv) | Praise of Folly |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**41.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | चिन्नावा | (i) | रम्पा उपद्रव 1922 |
| (b) | हाजी शरियत उल्ला | (ii) | गदकरी विद्रोह 1944 |
| (c) | अलूरी सीताराम राजू | (iii) | फरायज़ी आन्दोलन 1838 |
| (d) | कृष्णा दाजी पण्डित | (iv) | किट्टूर उपद्रव 1924 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**42.** सर्वोच्चता की स्थाई शक्ति ब्रिटिश सरकार में निहित थी जिसका उपयोग उसने किसके सम्बन्ध में किया ?

(A) ज़मीनदार (B) देशी रियासतों
(C) कृषकों (D) ईसाई मिशनरियों

**43.** 1937-39 में काँग्रेस मंत्रीमण्डल का नेतृत्व किया

(A) टी. प्रकाशम
(B) सुब्रमनियम भारती
(C) सी. राजगोपालाचारी
(D) के. कामराज

**44.** भारतीय संविधान की पाण्डुलेखन कमेटी का चेयरमैन कौन था ?

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(B) डॉ. बी.आर. अम्बेदकर
(C) बी.एन. राव
(D) जवाहरलाल नेहरू

**45.** निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) क्रिप्स मिशन
(ii) भारत छोड़ो आन्दोलन
(iii) व्यक्तिगत सत्याग्रह
(iv) अगस्त प्रस्ताव

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (iv), (iii), (i), (ii)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (ii), (i), (iv), (iii)

**46.** किसे मानववाद का जनक समझा जाता था ?

(A) दाँते (B) इरैस्मस
(C) मैकियावेली (D) पेट्रार्क

**47.** लॉर्ड को मिल, शराब की भट्ठी और बेकरी का उपयोग करने के लिए जो शुल्क अदा किया जाता था, उसे कहते थे

(A) बानालिते (B) कर्वी
(C) गैबेल (D) तायल

**48.** 'सामान्य इच्छा' के सिद्धान्त को प्रस्तुत किया था

(A) दिदेरो (B) मॉण्टेस्क्यू
(C) रूसो (D) वॉल्तेयर

**49.** बहुमूल्य धातुवाद और अनुकूल व्यापार सन्तुलन मूल लक्षण थे

(A) उपनिवेशवाद (B) वाणिज्यवाद
(C) स्वतन्त्र व्यापार (D) व्यापारवाद

**50.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | इरैस्मस | (i) | डिवाइन कोमेडी |
| (b) | मैकियावेली | (ii) | यूटोपिया |
| (c) | टॉमस मोर | (iii) | द प्रिन्स |
| (d) | दाँते | (iv) | प्रेज़ ऑफ फॉली |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**Space For Rough Work**